# कार्यालय नगर पालिका परिषद पिहानी-हरदोई

पत्रांकः- 87 /न0पा0परि0पिहानी/अति अल्पकालीन निविदा सूचना-रा0वि0आ0/2017-2018/2017, दिनांकः-11-5-2017

## अति अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद पिहानी के समस्त पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि, शासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार अधोहस्ताक्षरी द्वारा राज्य वित्त आयोग की संस्तुति के आधार पर प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले निम्नांकित निर्माण कार्यों हेतु मुहरबन्द निविदायें दिनांक 20-5-2017 को अपरान्ह 03:00 बजे आमन्त्रित की जाती हैं। इस हेतु निविदा प्रपत्र दिनांक 20-5-2017 को कार्यालय नगर पालिका परिषद पिहानी में, तथा अपर जिला मजिस्ट्रेट महोदय हरदोई के कार्यालय में स्थानीय निकाय लिपिक के पटल पर प्रातः 10:30 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे तक पालिका लिपिक द्वारा विक्रय किये जायेगें। तथा प्राप्त समस्त निविदायें उसी दिन अध्यक्ष महोदय के समक्ष अपरान्ह 04:00 बजे खोली जायेगीं। अन्य नियम व शर्तें निम्नवत हैं। निविदा सूचना पालिका वेबसाइट pihaninpp.in पर भी उपलब्ध है।

| क्र0 सं0 | कार्य विवरण एवं योजना का नाम | स्वीकृत आगणन/ अनुमानित लागत धनराशि (रू0 में) | अग्रिम कार्य जमानत धनराशि | निविदा मूल्य | वैट धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | नगर पालिका पिहानी के अन्तर्गत विभिन्न मार्गों पर गड्ढा भराई (डामर कार्य) का निर्माण कार्य। स्वीकृत आगणन के अनुसार। | 318408.0000 | 6368 | 648 | 26 | कायदिश निर्गत होने से एक सप्ताह के अन्दर। |
| 2 | नगर पालिका पिहानी के अन्तर्गत विभिन्न मार्गों पर गड्ढा भराई (डामर कार्य) का निर्माण कार्य। स्वीकृत आगणन के अनुसार। | 373000.0000 | 7460 | 703 | 28 | कायदिश निर्गत होने से एक सप्ताह के अन्दर। |

### नियम व शर्तेः-

1. निविदा प्रपत्र के साथ 02 प्रतिशत अग्रिम जमानत धनराशि नकद अथवा एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0/बैंक ड्राफ्ट के रूप में अधिशासी अधिकारी, न0पा0परि0 पिहानी के पदनाम बन्धक, संलग्न करना अनिवार्य होगी।
2. निविदा स्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद पिहानी को होगा। बिना कोई कारण बताये एक या समस्त निविदा निरस्त की जा सकती हैं।
3. सशर्त, अपूर्ण अथवा बिना धरोहर धनराशि के कोई निविदा स्वीकृत नही की जायेगी।
4. शासनादेश के अनुपालन हेतु निविदा के साथ मु0 100/- के स्टाम्प पेपर पर स्वघोषणा पत्र एवं शपथ पत्र दाखिल किया जायेगा, जिसका प्रारूप कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। बिना स्व घोषणा पत्र के निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
5. कार्य का भुगतान धनराशि की उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा। इस हेतु कोई भी दावा मान्य नही होगा।
6. समस्त कार्य समय से पूर्ण करने होगें। कार्य/सामग्री की गुणवत्ता व मानक वही होगा जो आगणन में/निविदा में दर्शाया गया है।
7. कम्पनी के निर्धारित नियमों के अन्तर्गत वाहन/विद्युत सामग्री की वारण्टी/गारण्टी भी प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगी।
8. कार्य स्थल पर राज्य स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा नियत 'डिस्प्ले बोर्ड' पर कार्य का पूर्ण विवरण, कार्यदायी संस्था, कार्य प्रारम्भ होने की संभावित तिथि आदि का उल्लेख किया जायेगा।
9. सम्बन्धित कार्य का वर्क आर्डर शासन की अनुमति प्राप्त होने के उपरान्त जारी किया जायेगा।

उपरोक्त के अतिरिक्त यदि अन्य कोई जानकारी करना है तो किसी भी कार्यदिवस में पालिका कार्यालय आकर कार्यालय समय में की जा सकती है।

पी0एन0दीक्षित
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद पिहानी -हरदोई

मो0 सईद
अध्यक्ष

प्रतिलिपि :- पत्रांक एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

1. प्रभारी अधिकारी महोदय, स्थानीय निकाय, हरदोई की सेवा में इस अनुरोध से प्रेषित कि, निविदा सूचना का प्रकाशन अपने कार्यालय सूचना पट पर कराने का कष्ट करें।

2. उप जिलाधिकारी महोदय तहसील शाहाबाद, हरदोई की सेवा में इस अनुरोध से प्रेषित कि, निविदा सूचना का प्रकाशन अपने कार्यालय सूचना पट पर कराने का कष्ट करें।
3. समस्त अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी, न0पा0परि0/नगर पंचा0, जनपद हरदोई को इस आशय से प्रेषित कि, निविदा सूचना का प्रकाशन अपने कार्यालय सूचना पट पर कराने का कष्ट करें।
4. सम्पादक .हिन्दुस्तान. समाचार पत्र, को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि, निविदा सूचना का प्रकाशन समाचार पत्र के आगामी अंक में न्यूनतम सरकारी दरों पर अति सूक्ष्म रूप में कराने का कष्ट करें।
5. सम्पादक .अमर उजाला., समाचार पत्र, को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि, निविदा सूचना का प्रकाशन समाचार पत्र के आगामी अंक में न्यूनतम सरकारी दरों पर अति सूक्ष्म रूप में कराने का कष्ट करें।
6. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, हरदोई, की सेवा में इस आशय से प्रेषित कि, निविदा सूचना का प्रकाशन अपने कार्यालय सूचना पट पर कराने का कष्ट करें।
7. अध्यक्ष महोदय, न0पा0परि0पिहानी की सेवा में सूचनार्थ।
8. श्री अरूण कुमार अग्निहोत्री, कम्प्यूटर आपरेटर को इस निर्देश से कि, निविदा सूचना पालिका वेबसाइट पर अपलोड करें।
9. पालिका कार्यालय सूचना पट पर चस्पा कराने हेतु।
10. पत्रावली पर रखने हेतु।

(पी0एन0दीक्षित)
अधिशासी अधिकारी
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद पिहानी
हरदोई